CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 244 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 27 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## परिसीमन विवाद ने अटकाए निकाय चुनाव, सरकार ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

### 113 नगरीय निकायों में सीमांकन रद्द होने के बाद चुनाव कार्यक्रम पर संशय

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान सरकार ने 113 नगरीय निकायों के आगामी चुनाव टलवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लिया है। सरकार ने उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल कर कहा है कि राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा 113 नगरीय निकायों के वार्डों के परिसीमन को रद्द कर देने से चुनाव कराने का समय नहीं मिल रहा है, इसलिए चुनाव की तारीख में आवश्यक अवधि विस्तार किया जाए।सरकार की ओर से दायर एसएलपी में यह तर्क पेश किया गया है कि हाईकोर्ट ने 309 नगरीय निकायों में से 113 में वार्ड परिसीमन को 'गलत' मानते हुए रद्द कर दिया, जिससे परिसीमन की प्रक्रिया को नए सिरे से पूरा करना पड़ेगा। याचिका में कहा गया है कि उक्त निकायों में भले ही वार्डों की



कुल संख्या नहीं बदली गई हो, लेकिन इनके आंतरिक सीमांकन में बदलाव किया गया था, जिसे हाईकोर्ट ने मान्यता नहीं दी। परिणामस्वरूप, सरकार के पास परिसीमन की नई प्रक्रिया को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है। राजस्थान हाईकोर्ट ने 14 नवंबर को करीब 439 याचिकाओं पर अपना निर्णय सुनाते हुए राज्य सरकार को 15 अप्रैल तक प्रदेश में पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि सरकार 31 दिसंबर तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करे।

हालांकि, इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएँ दायर की गई, जिन पर सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने भी 15 अप्रैल तक चुनाव कराने का लक्ष्य स्पष्ट किया था।


अब सरकार की यह पहल सुप्रीम कोर्ट में सुनी जा रही है और उच्चतम न्यायालय से चुनाव की समय सीमा में संशोधन तथा नई परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने के लिए अधिक समय देने की मांग की गई है।

सरकार का कहना है कि यदि परिसीमन की प्रक्रिया को नए सिरे से लागू नहीं किया जाता और चुनाव समय पर कराए जाते हैं, तो यह चुनाव की वैधता पर प्रश्नचिन्ह लगा सकता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट से समय विस्तार मिलने पर ही शुद्ध और न्यायसंगत चुनाव संभव हो सकता है।

## एनएच-148डी पर खड़े ट्रक में घुसी कार, दो युवक गंभीर

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**





**( किशन )** भीम-उनियारा राष्ट्रीय राजमार्ग 148डी पर गुरुवार अल सुबह करीब 5 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। फुलिया कलां थाना क्षेत्र के बडला चौराहे के निकट स्थित जगदंबा होटल के बाहर खड़े ट्रक में एक ब्रेजा कार पीछे से जा घुसी। हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कार के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के अनुसार कार शाहपुरा की ओर से आ रही थी। घायलों की पहचान सांवरलाल पुत्र संतोष पूरी निवासी बावड़ी तथा छोटूलाल पुत्र रोड़ू बेरवा निवासी सूरजपुरा टोड़ा के रूप में हुई है। एक युवक के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि दूसरे के दोनों पैर टूट गए।

प्राथमिक जांच में चालक को नींद की झपकी आने से हादसा होना बताया जा रहा है। सूचना पर फुलिया कलां से एंबुलेंस चालक बाबूलाल तेली एवं ईएनटी शांति लाल मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को गुलाबपुरा चिकित्सालय पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## चंबल जल बंटवारे में एमपी का सहयोग, उद्योगपतियों को निवेश का न्योताः डॉ. मोहन यादव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नदियों का मायका मध्यप्रदेश है और चंबल नदी के जल वितरण को लेकर राजस्थान के साथ सहयोग की भावना सदैव बनी रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में चले विवादों को संवाद और समझौते के माध्यम से सुलझाया गया है तथा भविष्य में भी दोनों राज्य मिलकर जल संसाधनों के समुचित उपयोग एवं जनहित में योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे।







वे भीलवाड़ा स्थित ओरियम रिसॉर्ट में आयोजित 'इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश' को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में भीलवाड़ा सहित राजस्थान के 250 से अधिक औद्योगिक समूहों, टेक्सटाइल उद्यमियों, निर्यातकों और निवेशकों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार पारदर्शी, सरल और निवेश अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बड़े निवेश प्रस्तावों को कैबिनेट कमिटी ऑन इन्वेस्टमेंट प्रमोशन के माध्यम से विशेष कस्टमाइज्ड प्रोत्साहन दिए जाते हैं। उन्होंने उद्योगपतियों से आह्वान किया कि वे राजस्थान में अपनी औद्योगिक गतिविधियों को जारी रखते हुए मध्यप्रदेश में भी विस्तार करें, जिससे दोनों राज्यों की अर्थव्यवस्था को गति मिले।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आरटीएमए के चेयरमैन डॉ. एस.एन. मोदानी ने मध्यप्रदेश की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस मॉडल की सराहना की। मारवाड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव आर.के. जैन ने एमपी प्रशासन की त्वरित और उद्योग हितैषी कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए नीमच क्षेत्र में टेक्निकल टेक्सटाइल एवं रेडीमेड गारमेंट पार्क विकसित करने का सुझाव रखा।

इस अवसर पर औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग तथा एमएसएमई विभाग, मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने राज्य की औद्योगिक नीति, मल्टीप्लायर आधारित प्रोत्साहन, निर्यात फ्रेट सब्सिडी, तकनीकी सहयोग, सिंगल विंडो सिस्टम और सेक्टर-विशिष्ट पैकेज की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इंदौर के पीएम मित्र पार्क, रतलाम के मेगा इन्वेस्टमेंट पार्क, उज्जैन के मेडिकल डिवाइस पार्क और सागर के औद्योगिक क्षेत्रों सहित विभिन्न निवेश अवसरों पर प्रस्तुति दी।

सत्र के दौरान टेक्सटाइल, ऊर्जा, उर्वरक, इलेक्ट्रॉनिक्स और विनिर्माण क्षेत्रों से जुड़े 10 से अधिक उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें संभावित निवेश प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मध्यप्रदेश शासन का उद्देश्य भीलवाड़ा जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्रों को राज्य के निकटवर्ती औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़कर नई संभावनाएं उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में लोकसभा सांसद दामोदर अग्रवाल, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, संगम ग्रुप के आर.पी. सोनी, नितिन स्पिनर्स के दिनेश नोलखा, ओस्तवाल समूह के पंकज ओस्तवाल, आरसीएम ग्रुप के त्रिलोक छाबड़ा, मारवाड़ चैंबर अध्यक्ष अनिल मिश्रा सहित कई प्रमुख उद्योगपति एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कोटड़ी में दर्दनाक हादसाः बावड़ी में डूबने से किशोर की मौत, एक को बचाया गया



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**



**दिनेश पारिक** । कस्बे के जहाजपुर रोड स्थित ईदगाह परिसर में बनी बावड़ी (कुएं) में गुरुवार को नहाने गए किशोरों के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। बावड़ी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई, जबकि दूसरे को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

जानकारी के अनुसार नेहरू नगर क्षेत्र से 14 से 17 वर्ष आयु के सात-आठ किशोर ईदगाह परिसर में सफाई करने गए थे। सफाई के बाद हाथ-पैर धोते समय दो किशोर पैर फिसलने से गड्ढेनुमा बावड़ी में गिर गए। तीसरा साथी घबराकर बाहर की ओर दौड़ा और मदद के लिए शोर मचाया। आवाज सुनकर सामने की दुकान पर मौजूद इमरान तुरंत मौके पर पहुंचे और साहस दिखाते हुए एक किशोर को बाहर निकाल लिया। इस दौरान आसिफ, रफीक और मोहम्मद को भी सुरक्षित बचा लिया गया। बाद में इरफान पिता हनीफ मोहम्मद भी मौके पर पहुंचे और दूसरे किशोर को निकालने में मदद की, लेकिन तब तक एक युवक गहराई में जा चुका था।

सूचना मिलते ही कोटड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। सहायक उप निरीक्षक रणजीत सिंह मीणा, सहायक उप निरीक्षक गोपाल भील और कांस्टेबल अकबर मोहम्मद की मौजूदगी में ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद रस्सियों और लोहे की बलाई की मदद से कुएं में उतरा गया। करीब एक घंटे की कड़ी कोशिशों के बाद किशोर को बाहर निकालकर कोटड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान वसीम अकरम उर्फ जोनी पिता फिरोज के रूप में हुई। बताया गया कि मृतक सहित सभी किशोर रोजा रखे हुए थे। फिलहाल पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है। ।

## भीलवाड़ा से जयपुर डोडा-पोस्त की सप्लाई, 19 वर्षीय तस्कर गिरफ्तार

### जवाहर सर्किल थाना पुलिस की कार्रवाई, तीन बैगों से 27.818 किलो मादक पदार्थ जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/भीलवाड़ा।**

राजधानी में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 27 किलो 818 ग्राम डोडा-पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी भीलवाड़ा से सप्लाई लेकर जयपुर पहुंचा था और दुर्गापुरा क्षेत्र में डिलीवरी देने की फिराक में था।

डीसीपी (ईस्ट) संजीव नैन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान श्रवण कुमार (19) निवासी माण्डलगढ़, भीलवाड़ा के रूप में हुई है। बुधवार



शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक भारी मात्रा में डोडा-पोस्त लेकर दुर्गापुरा की ओर आने वाला है। सूचना के आधार पर जवाहर सर्किल थाना प्रभारी आशुतोष सिंह के नेतृत्व में डीएसटी टीम के एसआई बन्ना लाल सहित पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में घेराबंदी की। संदिग्ध युवक को तीन बड़े बैगों के साथ रोका गया। तलाशी लेने पर बैगों में 27 किलो 818 ग्राम डोडा-पोस्त भरा मिला। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जब्त कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह भीलवाड़ा से यह खेप लेकर आया था और जयपुर के दुर्गापुरा इलाके में किसी व्यक्ति को सप्लाई देनी थी।

फिलहाल पुलिस आरोपी से डोडा-पोस्त की खरीद-फरोख्त, सप्लाई चेन और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।

## पूर्व सरपंच के घर चोरी, 15 हजार नकद ले उड़े अज्ञात बदमाश

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**





**दिनेश पारीक** । उपखंड क्षेत्र के ढोकलिया गांव में अज्ञात चोरों ने पूर्व सरपंच कैलाश तिवाड़ी के सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब 15 हज़ार रुपए नकद पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

पीड़ित कैलाश तिवाड़ी ने बताया कि घटना वाली रात वे खेत पर सरसों निकालने का कार्य कर रहे थे। देर रात हो जाने के कारण वे खेत पर ही सो गए। घर खाली होने का फायदा उठाते हुए चोरों ने पहले रैकी की और फिर मकान के जंगले को तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए।

बताया जा रहा है कि बदमाशों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे बैग से सिक्कों का एक डिब्बा अपने साथ ले गए। वहीं दूसरा डिब्बा करीब 500 मीटर दूर फेंककर फरार हो गए। सुबह घटना का पता चलने पर तिवाड़ी ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना की सूचना कोटड़ी थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# महात्मा गांधी अस्पताल के पालना गृह में मिली नवजात, बाल कल्याण समिति ने लिया संरक्षण में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर स्थित मातृ एवं शिशु इकाई के बाहर बने पालना गृह में गुरुवार सुबह एक नवजात बालिका लावारिस अवस्था में मिली। पालना की घंटी बजते ही चिकित्सा स्टाफ मौके पर पहुंचा और बच्ची को तुरंत एन.आई.सी.यू. वार्ड में भर्ती कराया गया।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार नवजात का वजन 1 किलो 625 ग्राम है और उसे विशेष निगरानी में रखा गया है। बच्ची की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों की टीम द्वारा आवश्यक उपचार शुरू कर दिया गया है।

घटना की सूचना अस्पताल प्रशासन एवं पुलिस द्वारा बाल कल्याण समिति को दी गई। सूचना मिलते ही समिति सदस्य विनोद राव अस्पताल पहुंचे और नवजात के बेहतर उपचार के



निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर महिला पुलिस गार्ड तैनात करवाई गई।

नवजात की समुचित देखभाल के लिए 'यशोदा' नियुक्त करने के निर्देश चिकित्सा अधीक्षक को दिए गए हैं। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चन्द्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव ने बालिका को काल्पनिक नाम 'यशा' दिया है।

# सत्संग से ही संभव है मानव जीवन का कल्याणः मुनि योग सागर महाराज

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर ।** आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत वातावरण में गुरुवार को नगर स्थित दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तीर्थ क्षेत्र में आयोजित धर्मसभा ने श्रद्धालुओं को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया। साधु-संतों के सान्निध्य में संयम, साधना और वैराग्य के महत्व पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

दिगंबर जैन मुनि योग सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि साधु-संतों का सत्संग मानव जीवन को दिशा देता है। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य बाहरी रूप से धर्म करता दिखाई देता है, लेकिन अंतरंग भाव से धर्म का पालन नहीं कर पाता, जिससे उसे वास्तविक आध्यात्मिक फल प्राप्त नहीं होता। भगवान के प्रति राग उत्पन्न होने पर ही वैराग्य की भावना जागृत



होती है और जीवन में परिवर्तन संभव होता है।

मुनिश्री ने संयमित जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य को कम बोलना और कम सोना चाहिए तथा आत्मचिंतन के लिए समय निकालना चाहिए। यही आत्मोन्नति का आधार है।

दिगंबर जैन मुनि वैराग्य सागर महाराज ने अपने उद्बोधन में मानव जीवन की दुर्लभता का स्मरण कराते हुए कहा कि यह जन्म अत्यंत अनमोल है। इसे केवल सांसारिक कार्यों में व्यतीत करना उचित नहीं, बल्कि धर्म को जीवन का अंग बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सांसारिक मोह-माया में अधिक आसक्ति अंततः दुख का कारण बनती है, जबकि धर्म आत्मिक शांति और संतुलन प्रदान करता है।

प्रवचन के पश्चात श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजन अर्चन किया। आचार्य विद्यासागर महाराज की पूजन संगीत के साथ सुमित सेठिया एवं श्रद्धा ठग द्वारा संपन्न कराई गई, जिससे वातावरण और भी भक्तिमय हो उठा।

समापन अवसर पर भीलवाड़ा आर.के. कॉलोनी से आए प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों ने मुनि से भीलवाड़ा प्रवास का निवेदन किया। वहीं बिजोलिया सकल दिगंबर जैन समाज ने भी गांव में प्रवास हेतु आग्रह प्रस्तुत किया।धर्मसभा में बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

# 48 किलो डोडा चूरा तस्करी में दो दोषी, चार-चार साल की सजा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

छह साल पुराने अवैध अफीम डोडा चूरा तस्करी प्रकरण में एनडीपीएस एक्ट के विशिष्ट न्यायाधीश ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए चार-चार वर्ष के कठोर कारावास तथा 40-40 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने बताया कि 9 अगस्त 2018 को बनेड़ा थाना पुलिस ने काकोलिया चौराहे पर नाकाबंदी के दौरान एक एक्सयूवी वाहन का पीछा कर उसे लावारिस हालत में बरामद किया था। तलाशी में वाहन से 48 किलो 100 ग्राम अवैध डोडा चूरा जब्त हुआ।

जांच में वाहन के आधार पर रामकिशोर और रामलाल पुत्र माधुलाल लोहार निवासी मंगरोप को गिरफ्तार कर चार्जशीट पेश की गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 10 गवाह और 87 दस्तावेज प्रस्तुत किए।

साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने दोनों को दोषी ठहराया। जुर्माना अदा नहीं करने पर अतिरिक्त सजा का प्रावधान भी रखा गया है।

# विकास के दावों के बीच इन्द्रा कॉलोनी बदहाल, गड्ढों और गंदे पानी से जूझ रहे बाशिंदे

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

कस्बे में इन दिनों विकास कार्यों की गूंज सुनाई दे रही है, लेकिन इन्द्रा कॉलोनी के हालात इन दावों की हकीकत बयां कर रहे हैं। एक ओर शहर के प्रमुख मार्गों पर मरम्मत और चौड़ीकरण के कार्य चल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर रिहायशी क्षेत्र की मुख्य सड़क बदहाली का प्रतीक बनी हुई है।

इन्द्रा कॉलोनी से जावदा रोड की ओर जाने वाला मार्ग हायर सेकण्डरी स्कूल, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास, एबनेजर स्कूल तथा महात्मा गांधी स्कूल थड़ोदा तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है। रोजाना सैकड़ों विद्यार्थी और अभिभावक इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन लंबे समय से सड़क पर बने गहरे गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं।

स्कूल के ठीक सामने आसपास के




घरों का गंदा पानी सड़क पर जमा होकर गड्ढों में भर जाता है। इससे कीचड़ फैल रहा है और राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बरसात जैसे हालात बने रहने से बच्चों को स्कूल पहुंचना तक मुश्किल हो गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन्द्रा कॉलोनी में आज तक पक्की नालियों का निर्माण नहीं हुआ और सड़क भी अधूरी हालत में है। वर्षों से शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन ही मिलते हैं।

कॉलोनीवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि एक ओर अस्पताल मार्ग पर मोती बावजी के पास हाल ही में बनी सड़क को सुधार के नाम पर तोड़कर अनावश्यक खर्च किया जा रहा है, जबकि रिहायशी इलाकों में मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। इसी तरह विंध्यवासिनी मंदिर से बस स्टेण्ड तक सड़क चौड़ीकरण पर लाखों रुपए खर्च किए गए, लेकिन सड़क किनारे अनियमित रूप से खड़े वाहनों के कारण आमजन को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। कस्बे की अन्य कॉलोनियों में भी नियमित सफाई व्यवस्था का अभाव और रोड़ लाइटों की कमी बनी हुई है।

स्थानीय लोगों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि इन्द्रा कॉलोनी में शीघ्र सड़क और नाली निर्माण कराया जाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए तथा नियमित सफाई और रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि विकास कार्यों का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब रिहायशी क्षेत्रों की बुनियादी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

# कोटड़ी ब्लॉक बना प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान के लिए मिसाल



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक ।** राजस्थान सरकार के पंचायती राज मंत्री के निर्देश पर 16 से 28 फरवरी तक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत चल रहे प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान ने कोटड़ी ब्लॉक में जन-आंदोलन का रूप ले लिया है। उपखंड अधिकारी मेघा आनंद और खंड विकास अधिकारी रामबिलास मीणा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने मुख्य बाजार व सब्जी मंडी में औचक निरीक्षण किया।

सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग करते पाए गए दुकानदारों पर ?750 का जुर्माना लगाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। सकारात्मक पहल के तहत कपड़े व जूट के थैले अपनाने वाले दुकानदारों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित भी किया गया। रामबिलास मीणा ने कहा प्लास्टिक मुक्त समाज के लिए सामूहिक संकल्प जरूरी है।

अभियान के तहत कोटड़ी स्थित श्याम मंदिर की पाल पर श्रमदान कार्यक्रम हुआ, जिसमें मेघा आनंद, रामबिलास मीणा, भेरूलाल गुर्जर सहित अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। प्लास्टिक कचरा एकत्र कर निस्तारित किया गया और इसके दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता फैलाई गई।


# श्री श्याम मंदिर में दुर्गामी अखंड ज्योत पाठ संपन्न, आज निकलेगी भव्य निशान यात्रा


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव के तहत आयोजित दुर्गामी अखंड ज्योत पाठ श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। 'अखंड ज्योत है अपर माया, श्याम देव की प्रबल छाया' के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंजायमान हो उठा।

अखंड ज्योत पाठ का शुभारंभ जजमान मांगीलाल अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, गोपाल बंसल, हरिराम शर्मा एवं संजय विजयवर्गीय द्वारा विधि-विधान से किया गया। पूजा विधि पुजारी रूपेंद्र शुक्ला ने संपन्न कराई तथा अखंड ज्योत प्रज्वलित कर पाठ प्रारंभ किया गया। पाठ वाचन स्नेह पाठक (भीलवाड़ा) द्वारा किया गया।

बाबा श्याम का दिव्य एवं आकर्षक





श्रृंगार पुजारी रूपेंद्र शुक्ला एवं रवि पंडित द्वारा किया गया। मंदिर परिसर को खाटू धाम की तर्ज पर कोलकाता से आए कारीगरों ने भव्य रूप में सजाया, जिससे श्रद्धालुओं को अलौकिक अनुभूति हुई।

समिति अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने बताया कि 27 फरवरी को सुबह भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर में बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा तथा संकीर्तन का आयोजन होगा। सायंकाल 'श्याम मनोहर' भव्य कीर्तन में चंडीगढ़ से भजन गायक मोनू दुआ एवं भोपाल से पंकज पांचाल अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि निशान यात्रा आस्था और समर्पण का प्रतीक है। इसके माध्यम से भक्त अपनी मंगलकामनाएं बाबा के चरणों में अर्पित करते हैं। सभी कार्यक्रमों का सोशल मीडिया पर सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिससे देश-विदेश में बसे श्याम भक्त भी जुड़ सकें।

# बापूनगर आयुर्वेद औषधालय में कल निःशुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजकीय आयुर्वेद औषधालय, बापूनगर द्वारा कल निःशुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क स्वर्णप्राशन दवा पिलाई जाएगी।

शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. उगन्ता मीणा द्वारा विभिन्न रोगों पर निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। इनमें थायराइड, खांसी-जुकाम, बालों का झड़ना, जोड़ों व घुटनों का दर्द, गठिया, तान आना, बिस्तर में पेशाब करना, सेरिब्रल पाल्सी, खुजली-एलर्जी, भूख न लगना, श्वास एवं अस्थमा, यौन रोग, निःसंतानता, सफेद दाद, पथरी आदि शामिल हैं।

डॉ. मीणा ने बताया कि स्वर्णप्राशन का छह



माह तक नियमित सेवन करने से बच्चों की स्मरण शक्ति और रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। जिन बच्चों के शारीरिक या मानसिक विकास में उम्र के अनुसार देरी हो रही है, जैसे चलने, बोलने या सामाजिक कौशल में कमी, उनके लिए औषधालय में निःशुल्क पंचकर्म थेरेपी की सुविधा भी उपलब्ध है।

शिविर के दौरान बीपी और शुगर की जांच भी निःशुल्क की जाएगी।




# भीलवाड़ा में त्योहारों को लेकर प्रशासन सतर्क, विभिन्न क्षेत्रों में कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा। ।

होली, धूलण्डी, रंगपंचमी, शीतला सप्तमी, शीतला अष्टमी, रंग तेरस, हिन्दू नववर्ष, चेटीचण्ड, ईदुलफितर (चांद से), रामनवमी तथा श्री महावीर जयंती के अवसर पर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने आदेश जारी कर विभिन्न थाना क्षेत्रों के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं अधिकारियों की नियुक्ति की है।


प्रतीकात्मक इमेज

जारी आदेश के अनुसार सुभाषनगर एवं सदर थाना क्षेत्र के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट अक्षत कुमार सिंह तथा नायब तहसीलदार भैरू लाल सुथार को नियुक्त किया गया है। कोतवाली एवं भीमगंज थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार नीरज रावत और नायब तहसीलदार रोनक शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार गांधीनगर, प्रतापनगर एवं पुर थाना क्षेत्र के लिए नगर विकास न्यास के विशेषाधिकारी चिमन लाल मीणा तथा तहसीलदार दिनेश कुमार साउ को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

नियुक्त अधिकारी संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति पर सतत निगरानी रखेंगे तथा आवश्यक संसाधनों और व्यवस्थाओं का नियोजन सुनिश्चित करेंगे। जिले के अन्य स्थानों पर संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदारों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) प्रतिभा देवठिया को भीलवाड़ा शहर के लिए तथा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) रणजीत सिंह को शहर को छोड़कर शेष जिले के लिए प्रभारी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सभी त्योहार आपसी सौहार्द और शांति के साथ मनाएं तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# भीलवाड़ा में सनातन की गूंज: हरी सेवा धाम में दीक्षा के साथ मंगल महोत्सव का भव्य समापन

## सीएम डॉ. मोहनलाल यादव बोले-जाति-पांति से ऊपर उठे समाज, 2028 उज्जैन महाकुंभ का दिया न्योता







भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मूलचंद पेसवानी

धर्मनगरी भीलवाड़ा स्थित हरी सेवा धाम में आयोजित सनातन मंगल महोत्सव का वैदिक रीति-विधि के साथ भव्य समापन हुआ। तीन संतों की दीक्षा एवं नामकरण संस्कार के साथ पूरा पंडाल 'हर-हर महादेव' और 'जय श्रीराम' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। देशभर से पधारे संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

**तीन संतों को मिली दीक्षा, नामकरण से गूंजा पंडाल**

दीक्षा संस्कार के अंतर्गत इंद्रदेव को संत ईशान राम, कुणाल को संत केशव राम तथा सिद्धार्थ को संत सूयज्ञ राम उदासी नाम प्रदान किया गया। नाम उच्चारण के साथ ही श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।



**सनातन की रक्षा को एकजुट हो समाज: मुख्यमंत्री**

समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहनलाल यादव ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन धर्म की रक्षा और उसके गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए समाज को जाति-पांति से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा।

उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद जिस प्रकार अयोध्या में प्रभु श्रीराम का धाम पुनः आलोकित हुआ, उसी प्रकार भविष्य में मथुरा में भी श्रीकृष्ण धाम नई पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाले महाकुंभ में सभी संतों और श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वभर में सनातन संस्कृति की पताका लहरा रही है। 'राज से राजस्थान और मैं से मध्यप्रदेश, दोनों मिलकर ही राम बनता है' यह कथन राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने नवदीक्षित संतों का शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

**सनातन की ध्वजा को अक्षुण्ण रखने का संकल्प**

इससे पूर्व हरी सेवा उदासीन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराज महाराज ने सभी संतों व अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भीलवाड़ा में आयोजित यह महोत्सव पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है।

QUICK BITES

## कांग्रेस का जिला स्तरीय सर्वोदय संकल्प शिविर का आयोजन 28 से , शिविर में भाग लेंगे सैकड़ो कार्यकर्ता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



कांग्रेस के राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन के तत्वावधान में दो दिवसीय पूर्ण आवासीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' का आयोजन 28 फरवरी से 1 मार्च तक शहर में किया जा रहा है। इस शिविर में जिला अध्यक्ष श्याम लाल गुर्जर के नेतृत्व में जिले के विभिन्न ब्लॉक से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी रहेगी।

शिविर का आयोजन शहर स्थित हर्ष पैलेस में किया जाएगा। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, पंचायतीराज संस्थाओं में जनभागीदारी, बूथ स्तर तक सशक्त संरचना निर्माण तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तार से मंथन होगा।

बिजोलिया ब्लॉक अध्यक्ष विजय तिवाड़ी ने बताया कि ये शिविर जिले में पहली बार आयोजित हो रहा है, जिसमें सभी ब्लॉकों के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता भाग लेंगे। तिवारी ने कहा कि शिविर में संगठन विस्तार, ग्रामीण विकास मुद्दों, सामाजिक समरसता और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

## थानेश्वर महादेव मंदिर में फागोत्सव की धूम, भक्ति और रंगों से सराबोर हुआ परिसर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवारी।** कस्बे के थानेश्वर महादेव मंदिर में गुरुवार को फागोत्सव का आयोजन भक्ति, संगीत और रंगों की अनुपम छटा के साथ सम्पन्न हुआ। मंदिर परिसर सुबह से ही श्रद्धा और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव के अभिषेक और विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। मंत्रोच्चार और घंटियों की मधुर ध्वनि के बीच श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद वातावरण ने फागुन की मस्ती ओढ़ ली।

मंडल की महिलाएं पारंपरिक फागुनी परिधान में सजी-धजी मंदिर पहुंचीं। राधा-कृष्ण और शिव भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को भक्तिरस में डुबो दिया। मंगल गीतों की स्वर लहरियों के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल का टीका लगाकर शुभकामनाएं दीं और फूलों की पंखुड़ियों से होली खेलते हुए फागोत्सव का आनंद लिया।

भक्ति और उल्लास के इस संगम ने मंदिर परिसर को रंगों और खुशियों से सराबोर कर दिया। अंत में सामूहिक आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तथा प्रसाद वितरण किया गया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# करोड़ों की रॉयल्टी, पर सुविधाएं नदारद: बिजौलियां के खनिज क्षेत्रों को नहीं मिल रहा डीएमएफटी का लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां। ।

खनन गतिविधियों से प्रदेश को करोड़ों रुपये की रॉयल्टी देने वाला बिजौलियां क्षेत्र आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहा है। खनिज प्रभावित इलाकों के विकास के उद्देश्य से गठित डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से अपेक्षित लाभ यहां के गांवों और खदान क्षेत्रों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

डीएमएफटी का उद्देश्य खनिज रॉयल्टी से प्राप्त राशि को शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और पर्यावरण सुधार जैसे कार्यों पर खर्च करना है, लेकिन जमीनी हालात कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। सतकुड़िया से राणा जी का गुड़ा व तिलस्वां मार्ग तथा बिजौलियां से गोपालपुरा जाने वाली सड़क सहित कई प्रमुख मार्ग बदहाल स्थिति में हैं। सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं और धूल के गुबार से राहगीरों का चलना दूभर हो गया है।



खनन क्षेत्रों से पत्थर से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपरों की लगातार आवाजाही ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। भारी वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने से सड़कें तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही हैं। कई स्थानों पर अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई भी सिमट गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर खनिज विभाग तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। परिणामस्वरूप सड़कों की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है।


वहीं खदानों में भीषण गर्मी के बीच काम करने वाले श्रमिकों के लिए शुद्ध पेयजल, विश्राम स्थल और छाया जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। हर वर्ष औपचारिक रूप से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर दिए जाते हैं, लेकिन बाद में उनकी देखरेख नहीं होने से अधिकांश पौधे सूख जाते हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बिजौलियां क्षेत्र से डीएमएफटी मद में पर्याप्त राशि प्राप्त होती है, लेकिन विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट जारी नहीं किया जाता। आरोप है कि राशि अन्य क्षेत्रों में खर्च कर दी जाती है, जिससे खनिज प्रभावित गांवों को उनका हक नहीं मिल पा रहा।

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि डीएमएफटी निधि के उपयोग में पारदर्शिता लाई जाए, क्षतिग्रस्त सड़कों का शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाए और खनिज क्षेत्रों में पेयजल, स्वास्थ्य व पर्यावरण सुधार के ठोस कदम उठाए जाएं।

# जोगणिया शक्तिपीठ में सजी राष्ट्रीय कवि गोष्ठी, साहित्य-संस्कृति की गूंज से सराबोर हुई रात







भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**रमेश गुर्जर ।** आस्था की धरती पर बुधवार रात शब्दों, सुरों और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। जोगणिया माता शक्तिपीठ परिसर में चित्तौड़गढ़ लिटरेचर फेस्टिवल 2026 के अंतर्गत भव्य सांस्कृतिक संध्या एवं राष्ट्रीय कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम निर्माणाधीन नवग्रह नक्षत्र वाटिका में आयोजित किया गया, जहां दीपों की रोशनी और भक्तिभाव के बीच साहित्यिक स्वर गूंजते रहे।

'धर्म, संस्कृति, पर्यावरण एवं साहित्य' विषय पर केंद्रित इस आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे साहित्यकारों और विद्वानों ने अपने विचारों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय श्रद्धालु और साहित्यप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने स्वागत भाषण में शक्तिपीठ के ऐतिहासिक महत्व और जनश्रुतियों का उल्लेख करते हुए अतिथियों का उपरणा ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह एवं प्रसाद भेंट कर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का संचालन उदयपुर की वरिष्ठ कवयित्री डॉ. शकुंतला सरूपरिया ने प्रभावी शैली में किया। मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हापुर से आए साहित्यकार डॉ. अर्जुन चव्हाण ने साहित्य की सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथियों में नीमच के ग़ज़लकार प्रमोद रामावत, बिजनौर की कवयित्री डॉ. सारंगा देश असीम तथा प्रधानमंत्री कार्यालय से जुड़े पत्रकार एवं कवि किशन रतनानी ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मन जीता।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी रंगीन बना दिया। तान्या जैन ने कथक नृत्य से शुभारंभ किया, जिसके भाव और लय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात विभिन्न कवियों ने गीत, ग़ज़ल और कविता पाठ से समां बांधा। लोक संस्कृति की झलक में प्रियांशी का फागुन कथक और भव्या जोशी का राजस्थानी लोकगीत पर नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। एस.के. इवेंट्स के लक्ष्मी लाल रावल द्वारा प्रस्तुत भवई लोकनृत्य ने दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं।

इस अवसर पर साबलिया महादेव के महंत राम मुनि महाराज, बेगूं थानाप्रभारी कमलचंद मीणा, डॉ. सतीश शर्मा, रमेश गुर्जर, डॉ. श्यामबिहारी दिनकर, हरीश सोमपुरा, धनराज छीपा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विधानसभा में गरजे विधायक खंडेलवाल

## ग्रामीण विकास बजट, मनरेगा और आवास योजनाओं को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने विधानसभा में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आंकड़ों के माध्यम से पूर्व की अशोक गहलोत सरकार की नीतियों को विफल बताते हुए वर्तमान भाजपा सरकार के विकास दृष्टिकोण को प्रभावी बताया।

विधायक ने कहा कि पिछली सरकार की योजनाएं वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित थीं और धरातल पर समय पर पूरी नहीं हो सकीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में ग्रामीण विकास का बजट 20,600 करोड़ रुपये था, जिसे वर्तमान सरकार ने 38 प्रतिशत बढ़ाकर 28,400 करोड़ रुपये कर दिया है।

मनरेगा और आवास योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के समय 24 करोड़ मानव दिवस और 1.85 लाख आवासों का लक्ष्य था, जबकि वर्तमान सरकार ने इसे बढ़ाकर 30 करोड़ मानव दिवस और 2.75 लाख नए आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया है। नरेगा भुगतान में देरी और अनियमितताओं के समाधान के लिए 350 करोड़ रुपये के डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम का प्रावधान भी किया गया है।

खंडेलवाल ने कहा कि अब घोषणाओं की राजनीति समाप्त होकर परिणाम आधारित शासन की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने मांडलगढ़ क्षेत्र के लिए विशेष मांगें भी सदन में रखीं।

उन्होंने बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से रबी फसल को हुए नुकसान की विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल स्टेडियम निर्माण, क्षेत्रीय सड़कों के सुदृढ़ीकरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में मांडलगढ़ को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

# अमृत-2 के सीवरेज कार्यों पर सदन में गूंजा मुद्दा, क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी द्वारा राजस्थान विधानसभा में अमृत-2 योजना के तहत चल रहे सीवरेज कार्यों की अव्यवस्था का मुद्दा उठाए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। विधायक के हस्तक्षेप के पश्चात शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव पर बोलते हुए कोठारी ने कहा कि अमृत-2 योजना के अंतर्गत सीवरेज लाइन डालने के बाद सड़कों का समयबद्ध पुनर्निर्माण नहीं किया गया। नियमानुसार 45 दिनों में मरम्मत कार्य पूरा होना चाहिए था, लेकिन आठ माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कई प्रमुख मार्ग जर्जर अवस्था में पड़े हैं।उन्होंने मिर्ची मंडी रोड, पुराना आरटीओ रोड, गांधीनगर गणेश मंदिर रोड, सुखाड़िया सर्कल, शारदा चौराहा से चारभुजा रोड तथा 100 फीट रोड की बदहाल स्थिति का विशेष उल्लेख किया। 100 फीट रोड पर एक ओर की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से यातायात एक ही दिशा में संचालित हो रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है और जनहानि की घटनाएं भी सामने आई हैं।

विधायक ने बताया कि नगर निगम आयुक्त से चर्चा में यह सामने आया कि सीवरेज कार्यों से संबंधित पत्रावली स्ढ्क्क वेरिफिकेशन के लिए डीएलबी में लंबित है। उन्होंने सवाल उठाया कि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण क्यों नहीं हुआ और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। नगर निगम अधिकारी या संबंधित निर्माण कंपनी? कोठारी ने दोषी अधिकारियों अथवा कंपनी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। सदन में मुद्दा उठने के बाद संबंधित विभागों की टीमों ने मौके पर पहुंचकर सड़कों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

QUICK BITES

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं ने मनाया फाग महोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



मुखर्जी उद्यान के सामने नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में खटीक समाज की महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ फाग महोत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाएं भगवान के भजनों पर नाचती-गाती नजर आईं और पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण छा गया। फाग महोत्सव में महिलाओं ने एक समान साड़ी धारण कर एकता और सामूहिकता का संदेश दिया। सभी ने एक-दूसरे का सम्मान करते हुए उत्साहपूर्वक रंगोत्सव मनाया। महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर भजन-कीर्तन के साथ फाग का आनंद लिया।

इस अवसर पर आशा टेपण, रेखा बाछड़ा, सीमा चावला, विमला खींची, जुली खोईवाल, पिंकी खींची, गीता चावला, पुष्पा चावला, कन्या देवी, लाली देवी, विमला देवी, सुनीता, ललिता देवी, रतनी देवी व सीमा देवी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## 37 छात्राओं को साइकिल वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।





कस्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 9वी कक्षा की छात्राओं को निशुल्क 37 साइकिल वितरित की गई । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महुआ मंडल उपाध्यक्ष रणवीर सिंह शक्तावत , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापत, कृष्ण गोपाल सिंह शक्तावत,बनवारी लाल धाकड़ उपस्थित रहे ।

इस दौरान संस्था प्रधान नाथू लाल मीणा, अंशुल शर्मा,बालू लाल,रामेश्वर माली,कुलदीप कोली सहित स्टाफ मौजूद रहा। ।

## मसानिया भैरवनाथ मंदिर में चिता भस्म से खेली जाएगी होली

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



वस्त्रनगरी भीलवाड़ा के पंचमुखी मुक्तिधाम स्थित प्राचीन मसानिया भैरवनाथ मंदिर में इस वर्ष भी होली का पर्व अनूठे और आध्यात्मिक स्वरूप में मनाया जाएगा। आगामी 2 मार्च को होलिका दहन के अवसर पर यहां सदियों पुरानी परंपरा के तहत चिता भस्म से होली खेली जाएगी।

तंत्र साधना और अघोर परंपरा के प्रतीक भगवान भैरवनाथ के दरबार में होने वाला यह आयोजन प्रदेशभर में श्रद्धा और कौतूहल का केंद्र बना हुआ है। श्री मसानिया भैरवनाथ विकास समिति के अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात्रि 9 बजे निर्धारित किया गया है। पारंपरिक रूप से कंडों (उपलों) की होली जलाई जाएगी। दहन के पश्चात मध्य रात्रि 12 बजे मुख्य आयोजन प्रारंभ होगा, जिसमें श्रद्धालु और साधक ताजी चिता की भस्म से एक-दूसरे के साथ होली खेलेंगे। मंदिर में चिता भस्म से होली खेलने की यह परंपरा कई दशकों से निरंतर चली आ रही है। मान्यता है कि भगवान शिव एवं उनके अवतार भैरवनाथ श्मशान के अधिपति हैं। चिता की भस्म को पवित्र माना जाता है और इससे होली खेलना जीवन की नश्वरता को स्वीकार करने तथा अहंकार त्यागने का प्रतीक है। जहां सामान्यतः लोग श्मशान जाने से कतराते हैं, वहीं इस दिन हजारों श्रद्धालु मुक्तिधाम पहुंचकर गुलाल की जगह चिता की राख से सराबोर होते हैं। आयोजन जीवन और मृत्यु के बीच के भय को समाप्त करने का संदेश देता है। समिति के अनुसार हर वर्ष इसकी भव्यता बढ़ रही है और आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## सीए दिनेश सुथार होंगे के आईसीएआई भीलवाड़ा शाखा अध्यक्ष, सीए पुलकित राठी बने सचिव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की भीलवाड़ा शाखा में 2026-27 कार्यकारिणी समिति का गठन एवं कार्यभार ग्रहण समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह में वर्तमान कार्यकारिणी ने नवनिर्वाचित टीम को विधिवत रूप से पदभार सौंपा। शाखा के सुचारू संचालन हेतु निम्नलिखित पदाधिकारियों ने कार्यभार संभाला जिसमें अध्यक्ष सीए दिनेश सुथार, उपाध्यक्ष सीए सत्यनारायण लाठी, सचिव सीए पुलकित राठी, कोषाध्यक्ष सीए अक्षय सोडानी, सिकासा अध्यक्ष सीए अशोक बोहरा, कार्यकारिणी सदस्य सीए पुनीत कुमार मेहता, एक्स-ऑफिसियो एवम् क्षेत्रीय परिषद सदस्य सीए निर्भीक गांधी शामिल है। कार्यभार हस्तांतरण एवं शपथ ग्रहण समारोह समारोह के दौरान निर्वतमान अध्यक्ष सीए आलोक सोमानी ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष सीए दिनेश सुथार को शाखा का औपचारिक कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर समिति के सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, जिसमें उन्होंने शाखा की प्रगति और समृद्धि के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने नव-निर्वाचित समिति को हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी आने वाले वर्षों में संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।